प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 26.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

....

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि प्रदेश में घरेलू रसोई गैस आपूर्ति के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि आमजन को इस बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आमजन से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। श्री गोदारा ने एलपीजी आपूर्ति पर विभाग के अधिकारियों तथा ऑयल गैस मार्केटिंग कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विभाग वर्तमान परिस्थिति में आमजन को अधिकतम राहत देने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा है। श्री **गोदारा ने कहा कि** बड़ी संख्या में ऑनलाइन बुकिंग एक समय पर होने के कारण गैस कंपनियों के सर्वर बीच में कुछ समय के लिए रुके थे परन्तु सुचारू आपूर्ति के संबंध में आश्वस्त होने के बाद अब बुकिंग सामान्य हो गयी है। श्री गोदारा ने गैस कंपनियों के अधिकारियों को ओटीपी और डायरी में एंट्री किए बिना गैस सिलेंडर की डिलीवरी नहीं करने के निर्देश दिए।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जोधपुर दौरे पर है। वे वहां रामनवमी पर आयोजित एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनका शिकारपुरा स्थित आश्रम जाने का कार्यक्रम है।

....

प्रदेश में आज चैत्र नवरात्र के तहत दुर्गाष्टमी और रामनवमी का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। घरों और मंदिरों में **मां दुर्गा** के स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना की जा रही है। माता को हलवे, पुडी और चने का भोग लगाकर कन्याओं को भोजन और उपहार दिये जा रहे है। जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी और जवान हवन यज्ञ में आहुतियां देकर देश की सुख समृद्धि की कामना कर रहे है। कोटा के करणी माता मंदिर सहित सभी प्रमुख शक्तिपीठों और राममंदिरों में कन्या पूजन के साथ विशेष अनुष्ठान किये जा रहे है। बांसवाडा के त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में शाम को विभिन्न अनुष्ठानों की पूर्णाहुति की जायेगी। जालोर में जिला मुख्यालय पर भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। भरतपुर में रामदरबार की शोभायात्रा में 60 से अधिक झाकियां शामिल हो रही है। इस यात्रा को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए है। इधर राजधानी जयपुर में सुबह से ही मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान राम के बालरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। श्री खोले के हनुमान मंदिर में भी राम जन्मोत्सव का उल्लास नजर आ रहा है। शाम चार बजे सूरजपोल अनाज मंडी से शोभायात्रा निकाली जायेगी। ये शोभायात्रा परकोटे के प्रमुख मार्गो से होती हुई चांदपोल स्थित श्रीरामचन्द्र जी मंदिर पंहुचेगी। शोभायात्रा में 35 आकर्षक झांकियां शामिल होंगी, जिनमें रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन होगा। राज्य में कई स्थानों पर रामनवमी का पर्व कल भी मनाया जायेगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। श्री बागडे ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र हमें विपरीत परिस्थितियों में भी नैतिकता, सदाचार, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

....

झुंझुनूं में महिला सहकारी समितियों और स्वयं सहायता समुहों की ओर से मिलेट को–अप कैफे का संचालन शुरू हो गया है। यह राज्यस्तर का पहला मिलेट को अप कैफे है, जिसका उद्घाटन कल जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने किया। कलेक्टर ने बताया कि इस कैफे का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना, अच्छे स्वास्थ्य की दिशा में प्रचार–प्रसार एवं सस्ता सुलभ श्री अन्न को बढ़ावा देना है।

....

प्रदेश में आज से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से कई स्थानों पर अंधड और बारिश के आसार है। इस बीच कल बीकानेर, जयपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग के अधिकांश क्षेत्रों में बादल छा गए और तेज हवाएं चलीं। बीकानेर में तेज आंधी से कई स्थानों पर पेड़

गिर गए। इससे पहले कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। वहीं राजधानी जयपुर में भी शाम के समय मौसम बदला और हल्की बारिश हुई। इसके अलावा श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश और बूंदाबांदी के समाचार है। मौसम विभाग ने आज चार जिलों में बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आंधी और बारिश का यह दौर मार्च के आखिर तक जारी रहने की संभावना है।

....